प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन में देर रात भगदड़ से 15 यात्रियों की मौत, 10 से अधिक लोग घायल, रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव घटना की जांच के दिये आदेश, हादसे पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया दुख।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नयी दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में लेंगे भाग।

3. विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 44 लाख से अधिक के वित्तीय गड़बडी मामले में वित्त विभाग ने आरोपियों को चिह्नित करने और एक माह में राशि की वसूली का दिया आदेश।

4. मौसम विभाग का पूर्वानुमान– 18 फरवरी से छायेंगे बादल, 20 और 21 फरवरी को गर्जन के साथ बारिश की संभावना।

*******************

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात भगदड़ मचने से 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन और सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर दुख जताते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों के अचानक रद्द होने के कारण स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। इस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दुख जताया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश के विकास में तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान है। वे कल रांची में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने युवाओं को छोटे पैमाने के पारंपरिक समाधानों के महत्व को न भूलने की सलाह दी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि युवाओं का उत्साह और प्रतिबद्धता विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत न केवल वैश्विक भविष्य को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है, बल्कि इस चर्चा का नेतृत्व भी कर रहा है। दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर वह स्थान प्राप्त है, जो पहले कभी नहीं मिला था। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत 2014 से ही तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक मंचों पर भारत का आत्मविश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नयी दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में भाग लेंगे। इसमें 120 से अधिक देशों के नीति निर्माता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक कार्यक्रम है और इसका आयोजन 14–17 फरवरी को भारत मंडपम में किया जा रहा है।

*******************

विनोबा भावे विश्वविद्यालय में वित्तीय गड़बड़ी कर 44 लाख रूपये गबन करने के मामले में वित्त विभाग ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव को दोषियों को चिह्नित करने और एक माह में राशि की वसूली करने का आदेश दिया है। वित्त विभाग के अंकेक्षण निदेशालय ने कुलसचिव को सौंपी रिपोर्ट में यह खुलासा किया है कि

अधिकारियों ने रूपयों की हेराफेरी कर उपकरणों की खरीदारी दिखाकर राशि हड़प ली और उसे अपनी विलासिता में खर्च किया।

*******************

ईडी की ओर से पीएमएलए कोर्ट में आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोई विभाग न देने का आग्रह करने वाली याचिका पर 17 फरवरी को सुनवाई होगी। ईडी की याचिका में कहा गया है कि अगर पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मवारी देती है तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं। पूजा सिंघल अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं।

*******************

गुमला जिले के बांस कारीगरों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए एक नई योजना शुरु।

*******************

गुमला के बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में शिक्षा कर भेंट गतिविधि के तहत तीन दिवसीय गुमला साहित्य महोत्सव–2025 कल से शुरू हुआ। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस महोत्सव में देश के प्रख्यात लेखक, साहित्यकार एवं रचनाकार भाग ले रहे हैं।

*******************

सीसीएल ने सीएसआर मद से गिरिडीह के महेशलुंडी पंचायत में मेडिकल कैंप का आयोजन किया। मुखिया शिवनाथ साव ने सीसीएल के इस प्रयास पर आभार जताया। मरीजों की जांच करने वाले चिकित्सक ने कहा कि समाज के गरीब लोगों तक इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीसीएल प्रतिबद्ध है।

*******************

मौसम विभाग ने 20 और 21 फरवरी को कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना जतायी है। विभाग ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि 18 और 19 फरवरी को सुबह में हल्का कुहासा रहेगा। इसके बाद दिन भर आंशिक बादल छाये रहेंगे।

*******************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से 15 यात्रियों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

प्रभात खबर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हवाले से लिखा है– एआई से टेक्नालॉजी में परिवर्तन बदल रहा हमारा जीवन। इसी पर हिन्दुस्तान ने लिखा है– उच्च शिक्षा में एआई को शामिल कर युवाओं को बनायें हुनरमंद। वहीं विनोबा भावे विश्वविद्यालय में गबन की खबर को हिंदुस्तान ने पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने मान्यता प्राप्त स्कूलों के एक लाख बच्चों को साइकिल दिये जाने की खबर को पहले पेज पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण लिखता है– अमेरिका से लौटे 116 भारतीय, बंधी रहीं हथकड़ी और बेड़ियां।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने नयी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर किये गये खर्च की विस्तृत जांच के आदेश की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*******************